राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'दीपावली' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 13 नवम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'दीपावली' के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने 'संदेश' में कहा है कि 'दीपावली पर्व' हमें अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और मृत्यु से अमरत्व की ओर अभिमुख होने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने कहा है कि यह त्योहार बाह्य जगत को प्रकाशित करने के साथ–साथ हमें अपने अंतःकरण को भी सत्य, प्रेम, बंधुत्व और उल्लास से आलोकित करने का पावन संदेश देता है। इस त्योहार के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और सद्भावना सुदृढ़ होती है।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'दीपावली' के मंगलमय अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सबके सुखी, समृद्ध और आनन्दित जीवन की शुभकामना की है।

....